# स्पष्ट आवाज़

SA NEWS

लखनऊ

रविवार, 10 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 254 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3


भारत ने बैजबॉल का बैंड बजाते हुए सीरीज 4-1 से जीती-पेज-12










आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977


# पूर्वोत्तर के विकास के लिए हमारा विजन अष्टलक्ष्मी : मोदी

- पीएम ने अरुणाचल में सेला टनल का किया उद्घाटन
- हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को लगते 20 साल

**ईटानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अरुणाचल प्रदेश पहुंचे। ईटानगर में अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पीएम मोदी को उपहार देकर उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने यहां सेला टनल का उद्घाटन किया। यह इतनी ऊंचाई पर बनी दुनिया की सबसे लंबी डबल लेन टनल है। चीन सीमा से लगी इस टनल की लंबाई 1.5 किलोमीटर है। इसके अलावा उन्होंने पूर्वोत्तर में कई परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए। प्रधानमंत्री ने इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में विकसित राज्य से विकसित भारत का राष्ट्रीय उत्सव तेज गति से जारी है। हमने जो काम 5 साल में किए कांग्रेस को उसे करने में 20 साल लगते। पूरा नॉर्थ ईस्ट देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर के विकास के लिए हमारा विजन अष्टलक्ष्मी का रहा है। दक्षिण और पूर्वी एशिया के साथ भारत के ट्रेड, टूरिज्म और दूसरे रिश्तों की एक मजबूत कड़ी हमारा नार्थ ईस्ट बनने जा रहा है। आज यहां एक



साथ 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण या शिलान्यास हुआ है। आज अरुणाचल प्रदेश के 35 हजार गरीब परिवारों को अपने पक्के घर मिले हैं। पीएम मोदी ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा के हजारों परिवारों को नल कनेक्शन मिले हैं, पूर्वोत्तर के अलग अलग राज्यों में कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर के विकास पर हमने जितना निवेश बीते 5 वर्ष में किया है, जितना काम किया है। इतना ही काम करने के लिए कांग्रेस को 20 साल लग जाते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने विशेष तौर पर मिशन पाम ऑयल की शुरुआत की थी। आज इसी मिशन के तहत पहली ऑयल मिल का लोकार्पण हुआ है। ये मिशन भारत को खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भर तो बनाएगा ही साथ ही यहां के किसानों की भी आय बढ़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि मोदी की गारंटी क्या होती है, ये आपको अरुणाचल में आकर साफ दिखता है। पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन पर प्रतिक्रिया देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के परिवारवादी नेताओं ने मोदी पर हमले बढ़ा दिए हैं और आजकल वो पूछ रहे हैं कि मोदी का परिवार कौन है। गाली देने वालों कान खोलकर सुन लो, अरुणाचल के पहाड़ों में रहने वाला हर परिवार कह रहा है कि ये मोदी का परिवार है।

# बसपा का अकेले चुनाव लड़ने का फैसला अटल

- गठबंधन और तीसरा मोर्चा बनाने की अफवाह न फैलाएं, यूपी में बीएसपी मजबूत

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने एलान किया है कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने किसी तीसरे मोर्चे और किसी के साथ गठबंधन करने के अटकलों पर भी विराम लगा दिया है। दरअसल, इंडिया गठबंधन से करीबी बढ़ने की चर्चाएं चल रहीं थीं। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बड़ा एलान किया है। पोस्ट में उन्होंने अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान किया है। लोकसभा चुनाव को लेकर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जो की गलत है। उन्होंने कहा कि बीएसपी लोकसभा चुनाव अकेले अपने बलबूते पर पूरी तैयारी और दमखम के साथ लड़ेगी। यह फैसला अटल है। तीसरे मोर्चा बनाने की अफवाह फैलाना गलत है। बीएसपी के मजबूती से चुनाव लड़ने के कारण विरोधी लोग काफी बेचैन लगते हैं।

## संक्षिप्त आवाज़

### अनुप्रिया पटेल को मिली जेड कैटेगरी की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने अपना दल (एस) पार्टी की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा बढ़ा दी है। अनुप्रिया पटेल को अब उत्तर प्रदेश में जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की जाएगी। वर्तमान में केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार, जेड श्रेणी में चार से छह एनएसजी कमांडो होते हैं, साथ ही 22 सुरक्षाकर्मियों का एक घेरा होता है।

### कमल हासन की पार्टी डीएमके गठबंधन में शामिल

**चेन्नई।** अभिनेता कमल हासन के नेतृत्व वाली मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) शनिवार को तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गई। कमल हासन की पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए अपना समर्थन दिया। हासन और डीएमके अध्यक्ष मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने यहां पार्टी ऑफिस अन्ना अरिवलयम में समझौते को अंतिम रूप दिया। हासन ने कहा कि गठबंधन में शामिल होने का उनका कदम देश की खातिर उठाया गया है, न कि किसी पद के लिए।

# बिना भेदभाव दिया जा रहा योजनाओं का लाभ : योगी

**सौगात**

- 899 करोड़ की 256 परियोजनाओं की दी सौगात

**जौनपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुक्रवार को जिले को करीब 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास किया। सर्वप्रथम कलीचाबाद तिराहे पर नवनिर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। बी.आर.पी इन्टर कालेज पर आयोजित जनसभा उपरांत मु यमंत्री जी के द्वारा बटन दबाकर विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं केलाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया जिनमें आयुष्मान गोल्डेन के लाभार्थी श्रीमती उर्मिला को गोल्डेन कार्ड और मु यमंत्री बाल सेवा योजना की लाभार्थी हर्षिता मिश्रा और आर्यन को लैपटाप, कन्या विवाह सहायता योजना के तहत रामपाल को रूपये 55 हजार का स्वीकृति प्रमाण पत्र, मेधावी छात्र योजना के तहत रितु मिश्रा और साक्षी मिश्रा को



महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण करते सीएम योगी व अन्य

मोबाइल फेन और फार्म मशीनरी योजना के तहत अवधेश पाण्डेय को ट्रैक्टर चाभी, पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर पम्प सिचाई चयन पत्र सुरेन्द्र कुमार प्रजापति को और मु यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख का डेमो चेक प्रदीप सिंह को प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने जनसभा को स बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में सभी की आस्था का स मान किया जा रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक गरीब परिवार को बिना भेदभाव के दिया जा रहा है। आज का नया भारत दुनिया में स मान बढा रहा है और देश को सुरक्षा भी दे रहा है। उन्होने कहा कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था की वजह से जनपद में निवेश आ रहा है, फोर लेन बन रहे है, गोमती नदी पर पुल बन रहे है, चौराहों का सुंदरीकरण हो रहा है, गरीबों को मु त राशन दिया जा रहा है, ओ.डी.ओपी के तहत जनपद के उत्पाद को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने का कार्य किया जा रहा है। शुद्व पेयजल और हर गरीब को आयुष्मान कार्ड के द्वारा मु त इलाज किया जा रहा है। अनाथ बच्चों को बाल सेवा योजना के तहत जोड़ने का कार्य किया जा रहा है, उनके आश्रय, शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है और श्रमिकों के बच्चों के लिए विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज जनपद का अपना मेडिकल कॉलेज है। विकसित भारत कीसंकल्पना तभी साकार होगी जब जनपद स्तर पर इसका विकास होगा। जनपद के लिए कार्ययोजना तैयार हो रही है जनपद की छोटी ईकाई ग्राम पंचायत और नगर पंचायत है इनको भी विकास के दौड़ के लिए तैयार होना है। उन्होने कहा महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्वाभिमान का प्रतीक है जो हमे संघर्ष करने और आगे बढने की प्रेरणा देती है, उन्होंने अपने स्वाभीमान को कभी गिरवी नही रखा और विदेशी आक्रांताओ से लड़ते रहे, शौर्य पराक्रम की बात जहां आती है महाराणा प्रताप की स्मृति पहले ही आती है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपद की धरती परिश्रमी लोगों की धरती है जिन्होने इस जनपद को नयी पहचान दिलायी इत्र से भी और इमरती से भी।






# भू माफियाओं को उल्टा लटकाकर करेंगे सीधा : शाह

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को बिहार दौरे पर पहुंचे हैं। बिहार में एनडीए के नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद अमित शाह का यह पहला दौरा है। अमित शाह सबसे पहले पटना आईसीएआर कैंपस पहुंचे, जहां उन्होंने भाजपा के पहले प्रदेश अध्यक्ष कैलाशपति मिश्र की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद वह पटना के पालीगंज में ओबीसी महासम्मेलन रैली में पहुंचे। महासम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस और आरजेडी पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया । उन्होंने आरजेडी को चेताते हुए कहा कि पिछड़ा का विरोध करने वाले की गोदी में बैठ गए हैं लालू जी। लालू जी को चेताने आया हूं, भाजपा में डबल इंजन की सरकार बन गई है। भू माफियाओं को उल्टा लटकाने का काम बीजेपी करेगी। हमारी सरकार एक कमिटी बनाएगी और गरीबों की जमीन पर कब्जा करने वाले को जेल की हवा खिलाएगी।

अमित शाह ने सोनिया गांधी और लालू यादव को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि एक का लक्ष्य बेटे को प्रधानमंत्री बनाना है। दूसरे का बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का। लालू जी अब आप पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को बरगला नहीं सकते हैं। अमित शाह ने दावा किया कि हमारी डबल इंजन की सरकार एक कमेटी गठन करेगी और जिन-जिन ने गरीबों की भूमि हथियाई है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी और उन्हें जेल में डालने का काम करेगी। अमित शाह ने कहा कि मोदी




जी आप सभी से आशीष मांग रहे हैं भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए। वो लोग वोट मांग रहे हैं अपने बेटे को गद्दी पर बैठाने के लिए। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस ने कितने घोटाले किए, यह पूरा देश जानता है। राजद और कांग्रेस केवल घोटाला करने वाली पार्टी है। मोदी जी इतने साल मुख्यमंत्री रहे और अब दो टर्म से प्रधानमंत्री हैं, आज तक 25 पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप उनपर नहीं लगा है। शाह ने पूछा कि कश्मीर हमारा है या नहीं? धारा 370 हटनी चाहिए या नहीं? यह लालू और कांग्रेस 75 साल से धारा 370 लागू रहने दिया। मोदी ने इसे हटाया। यह वही लालू प्रसाद हैं जिन्होंने आडवाणी जी का रथ रोका था। रामलला को टेंट में रहने के लिए मजबूर किया। आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव होने वाला है, बिहार की जनता 40 के 40 सीट पर एनडीए को जीत दिलवाएगी और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं पाटलिपुत्र की धरती को प्रणाम करता हूं। मैं सबसे पहले बिहार की जनता का हृदय से धन्यवाद करता हूं, क्योंकि हम यहां जब-जब आए, बिहार की जनता ने हमारी झोली कमल से भर दी।




# पूरी तरह साफ हो जाएगी सपा

● हताशा का परिणाम है अखिलेश यादव का बयान



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अखिलेश यादव के विवादास्पद बयान पर करारा हमला किया है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिदिन देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने में लगे हुए हैं। वह हर देशवासी के उत्थान में जुटे हैं, इसीलिए देशवासी उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखते है।
श्री चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव का बयान उनकी हताशा दिखाता है। वो 2024 में भाजपा को हराने का जो सपना देख रहे हैं वो मुंगेरीलाल के सपने जैसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सपा को 2014, 2017, 2019 और 2022 में शर्मनाक हार दी है और यह सिलसिला 2024 ही नहीं आगे भी जारी रहने वाला है। मोदी के नेतृत्व में इस बार सपा यूपी से पूरी तरह सफा हो जाएगी।
पिछली सरकारों में नौकरियों के लिए लगती थी बोली
भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आ रहा है, इनकी हताशा बढ़ती जा रही है। एलायंस पार्टनर एक-एक कर छोड़कर जा रहे हैं तो हताशा में मानसिक संतुलन खो गया है। प्रधानमंत्री के विषय में जो अपमानजनक टिप्पणी की है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में पहले ही उनको एक भी सीट नहीं मिल रही थी और अब हार का मार्जिन और अधिक बढ़ जाएगा।
उन्होंने कहा कि यह भाजपा की ही सरकार है जिसने पेपर लीक होने पर परीक्षा निरस्त कर दी, वर्ना पिछली सरकारों में तो परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। नौकरियां परीक्षाओं के लिए बोली लगती थी और बोली लगाने वाले परिवार से सदस्य ही होते थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अल्पसंख्यकों को कभी वोटबैंक से ज्यादा और कुछ नहीं समझा। हमारी सरकार हर कमजोर के साथ खड़ी है। अल्पसंख्यकों को भी इस सरकार में बिना भेदभाव हर योजना का लाभ बराबरी से मिला है और मिलता रहेगा। यही नहीं, भाजपा की सरकारों में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा खुश और प्रगति कर रहे हैं।

### आज परिवार नहीं योग्यता है नियुक्ति का पैमाना

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर के विषय पर दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर भी मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकार में चारों ओर अमन और चैन है। किसी भी घटना को पुलिस और सरकार पूरी गंभीरता से लेती है और कानून अपना काम करता है। यहां अपराधियों को पिछली सरकारों की तरह वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं दिया जाता। जीरो टॉलरेंस दावा नहीं हमारा वादा है हर नागरिक से, जिसे पूरी तत्परता से निभा रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि उनका पीडीए यानी परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी से ज्यादा कुछ नहीं, जहां हर संस्थान पर उनके परिवारजनों का ही कब्जा रहता था। आज संस्थानों में योग्यता को देखकर नियुक्ति हो रही है।

### एमएलसी उम्मीदवार घोषित

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** एमएलसी चुनाव के लिए यूपी बीजेपी ने सात उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बीजेपी ने बाकायदा लिस्ट जारी कर इसकी जानकारी दी है। प्रदेश बीजेपी कार्यकारिणी ने बीजेपी प्रवक्ता विजय बहादुर पाठक को एमएलसी का टिकट दिया है। वहीं क्रमशः बीजेपी नेता महेंद्र कुमार सिंह, अशोक कटारिया, मोहित बेनीवाल, धर्मेंद्र सिंह, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह को एमएलसी का टिकट दिया है।

# सहानुभूति लहर में कांग्रेस पहुंची चार सौ के पार

**आठवीं लोकसभा सन् - 1984**

● सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने वाले पहले राजनेता थे राजीव
● इंदिरा की हत्या के बाद कांग्रेस को मिला प्रचंड बहुमत
● अमिताभ, सुनील दत्त और वैजयंती माला बनी थी सांसद
● बहुगुणा अटल समेत कई दिग्गजों को मिली थी करारी शिकस्त
● इसी चुनाव से पूर्व हुआ था बसपा का गठन

**किसको कितनी सीट**


| कुल सीटें | 542 |
|---|---|
| इंडियन नेशनल कांग्रेस | 415 |
| भारतीय जनता पार्टी | 02 |
| जनता पार्टी | 10 |
| सीपीआई(एम) | 22 |
| सीपीआई | 06 |

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** 8वीं लोकसभा के लिए 1984 में आम चुनाव हुए। इंदिरा गांधी की हत्या की हत्या के बाद हुए लोकसभा के मध्यावधि चुनाव में कांग्रेस चार सौ पार के पहुंच गयी। 542 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 415 सीटे मिली। अपने गठन के चार साल कांग्रेस को इस चुनाव में मात्र दो सीटे मिली। ये चुनाव आजाद भारत के चुनावों के इतिहास का तीसरा दौर कहा जा सकता है। पहला दौर जवाहरलाल नेहरू का था। दूसरे दौर में इंदिरा गांधी का वर्चस्व था। 1984 में तीसरा दौर शुरू हुआ जब राजीव गांधी ने देश की बागडोर को अपने हाथ में लेते हुए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। जिन हालात में देश की बागडोर इंदिरा गांधी से राजीव गांधी के हाथों में गई वैसे हालात शायद ही कोई बेटा चाहेगा। 1980 और 1984 के बीच ऐसी बहुत-सी घटनाएं हुई जिसका असर 1984 के आम चुनावों पर पड़ा। इमरजेंसी की वजह से करारी शिकस्त खाने के बाद इंदिरा गांधी ने 1980 के चुनावों में फि र सत्ता संभाली थी। लेकिन उनकी इस खुशी को 23 जून 1980 को गहरा झटका लगा जब उनके बड़े बेटे संजय गांधी की एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। अगले चार सालों तक इंदिरा गांधी ने एकछत्र राज किया लेकिन इस दौरान देश के कई हिस्सों में उग्र चरमपंथ जन्म ले रहा था। खासतौर से पंजाब उत्तर.पूर्व और कश्मीर में। सबसे ज्यादा पंजाब में हालात गंभीर हो गए जिसकी वजह से यहां राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शरण लिए हुए सिख उग्रवादियों को बाहर निकालने के लिए इंदिरा गांधी ने भारतीय सेना को लगाया। ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान उग्रवादियों और सेना के जवानों सहित सैकड़ों लोग मारे गए। ऑपरेशन ब्लू स्टार की वजह से सिख समुदाय में काफ ी रोष था। 31 अक्टूबर1984 के दिन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ही दो सिख बॉडीगार्ड्स ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। ठीक इसी दिन एक इमरजेंसी बैठक में इंदिरा गांधी के बेटे राजीव गांधी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इंदिरा गांधी की हत्या से पूरे देश में सिखों का कत्लेआम शुरू हो गया। हजारों बेकसूर लोग मारे गए। 1984 के दंगों में देश जल रहा था। दंगों की आग अभी ठीक से शांत भी नहीं हुई थी कि एक भयानक हादसे से देश ही नहीं पूरी दुनिया दहल गई। 3 दिसंबर 1984 को भोपाल के यूनियन कार्बाइड प्लांट से 42 टन जहरीली गैस ने 5 लाख लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। पहले दो हफ्ते में ही मरने वालों की संख्या थी करीब 8000। माना जाता है कि गैस की वजह से होने वाली बीमारियों से और 8000 लोगों की मौत हो गई। इन हालात में आठवीं लोकसभा चुनावों के लिए मतदान 24- 27 और 28 तारीख को कराए गए। इंदिरा गांधी की मौत के बाद सहानुभूति की लहर का जबरदस्त फायदा कांग्रेस को मिला। कांग्रेस को 1984 के लोकसभा चुनावों में 415 सीटों पर जीत मिली और पार्टी का वोट शेयर था लगभग 50 फीसदी। 1984 के चुनावों में कई बातें पहली बार हुई। वो ऐसी बातें थीं जिनके बारे में किसी ने सोचा भी न था। आज जो भी चुनाव होते हैं चाहें वो लोकसभा का चुनाव हो या पार्षद का बॉलीवुड की हस्तियां बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रही हैं। लेकिन 1984 के लोकसभा चुनाव में बॉलीवुड का ग्लैमर शायद पहली बार चुनाव में खुली तौर पर नजर आया। 1984 के चुनावों में बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को कांग्रेस ने इलाहाबाद से टिकट देकर राजनीति को ग्लैमर से जोड़ दिया। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वैसे ही सहानुभूति की लहर कांग्रेस की तरफ थी लेकिन राजीव गांधी को इलाहाबाद सीट की चिंता थी क्योंकि वहां से पूर्व कांग्रेसी दिग्गज और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा मैदान में थे जिन्हें हराना आसान न था। राजीव गांधी ने दांव आजमाते हुए वहां से सुपरस्टार और अपने पुराने दोस्त अमिताभ बच्चन को मैदान पर उतार दिया। जया बच्चन ने उन दिनों मुंह दिखाई के तौर पर लोगों का वोट मांगा था। एक तरफ जहां अमिताभ ने हेमवती बहुगुणा को शिकस्त दी तो दूसरी तरफ बीजेपी नेता अटल बिहारी वाजपेयी को भी हार का सामना करना पड़ा। माधव राव सिंधिया ने उन्हें 1 लाख 75 हजार वोटों से करारी शिकस्त दी। अमिताभ बच्चन के अलावा इस साल हुए चुनाव में अमिताभ बच्चन के अलावा सुनील दत्त तथा वैजयंती माला भी निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंची। इस चुनाव में अब तक की सबसे ज्यादा करीब 64 फीसदी वोटिंग हुई। यही नहीं अब तक की सबसे ज्यादा 42 महिला सांसद इसी चुनाव में जीतकर लोकसभा पहुंचीं।इस चुनाव में अधिकांश सदस्य नए थे चुने गए लोगों में 71 प्रतिशत स्नातक, तथा 7.9 प्रतिशत सांसद ऐसे थे जो मैट्रिक से भी कम पढ़े थे। 1984 के चुनाव की एक और खासियत थी 14 अप्रैल 1980 को बीएसपी का गठन हुआ। हालांकि पार्टी को चुनाव में कोई सफलता नहीं मिली।



# प्रधानमंत्री करेंगे आज लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** सभी गरीबों को आवास के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अभियान वर्ष 2014 में शुरू किया उसी का परिणाम है कि आज देशभर में करोड़ों गरीबों को उनके सपनों का घर मिल सका। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कल 10 मार्च को प्रधानमंत्री आवास योजना.शहरी के लाभार्थियों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उपहार देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित आवासों का लोकार्पण करेंगे। निदेशक सूडा अनिल कुमार पाठक ने बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्लोबल हाऊसिंग टेक्नोलॉजी चैलेन्ज इण्डिया के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना लखनऊ के सेक्टर.5 में निर्मित किया गया ह जिसका क्षेत्रफल दो हेक्टेयर है। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 01 जनवरी 2021 को किया गया था और 04 जनवरी 2021 से लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का निर्माण नवीन तकनीक के माध्यम से किया गया है। इस तकनीकी का प्रयोग दुनिया के चुनिंदा देशों में होता है। इसके माध्यम से बेहद कम समय में भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाता है। उक्त तकनीकी से मकान टिकाऊ पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग कनाडा जैसे देशों में किया जा रहा है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्ग मी0 कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन सम्मिलित हैं। जो स्टिल्ट प्लस 13 प्रकार के चार बहुमंजिला ब्लाकों में निर्मित हैं। उक्त परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्यूनिटी सेन्टर कॉमर्शियल सेन्टर सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट पेयजल ड्रेनेज आन्तरिक सडक् रेन वाटर हार्वेस्टिंग सोलर लाईटए खुले हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि की सुविधाएँ भी लाभार्थियों को मिलेंगी। श्री पाठक ने बताया कि परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपए है। जिसमें समस्त अवस्थापना सहित प्रति आवास लागत 12.59 लाख रुपए है। परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश 1.50 लाख रुपए के अतिरिक्त केन्द्रीय टीआईजी के रूप में 4.00 लाख रुपए अतिरिक्त दिया गया है। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा देय राज्यांश 1.00 लाख रुपए के अतिरिक्त राज्य टीआईजी के रूप में 1.33 लाख रुपए राज्य सरकार द्वारा दिया गया है। इस प्रकार परियोजना में कुल 7.83 लाख रुपए प्रति आवास का शासकीय अनुदान दिया गया है। अवशेष धनराशि 5.26 लाख रुपए लाभार्थी द्वारा वहन की गयी है। परियोजना अंतर्गत निर्मित होने वाले समस्त 1040 आवासों का आवंटन नियमानुसार पूर्ण कर लिया गया है।

# ऊर्जा मंत्री का आश्वासन आंदोलित कर्मियों के खिलाफ नहीं होगी कार्रवाई



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के उपवास होने एवं सांध्य पूजन में विशेष व्यस्तताओ के कारण विद्युत कार्मिकों सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर नही कर सके थे जिस कारण उक्त बैठक को रिशेडयूल कर दिया गया था। लेकिन कतिपय सोशल मीडिया पर यह सूचना प्रसारित किया गया कि ऊर्जा मंत्री संगठन प्रतिनिधियों से बातचीत करने के अन्यंत्र व्यस्त् है। इस तरह की भ्रामक खबर बिजली कार्मिक सेवा संगठनों के किसी प्रतिनिधि द्वारा कदापि नही दी गयी न ही इस बावत किसी ने कोई बयान ही दिया। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केन्द्रीय सचिच इं.जयप्रकाश ने बताया कि हो सकता हो यह खबर ऊर्जा मंत्री की छवि को धूमिल करने एवं विद्युत सेवा संगठनों के प्रतिनिधिमण्डल को बदनाम किए जाने के लिए प्रसारित करवाई गयी हो।
ऊर्जा निगमों में एक सेवा संगठन का जिम्मेदार प्रतिनिधि होने के संगठन इसका खंडन करता है। इस बावत ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत कार्मिकों के विरुद्ध पूर्व के आन्दोलन के कारण की गई समस्त उत्पीडनात्मक कार्यवाहियों को समाप्त किए जाने का आश्वस्त किया । संगठन ने विश्वास जताया है कि उक्त दिशा मे ऊर्जा प्रबंधन स्तर पर यथाशीघ्र प्रभावी कार्यवाही कर ऊर्जा निगमों में कार्य का बेहतर वातावरण स्थापित किए जाने का विशेष प्रयास किया जाएगा।

# भाजपा ईडी, सीबीआई और आईटी का दुरुपयोग करना करें बंद

● संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण और सम्मान बढ़ाने का चुनाव है : अखिलेश



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए सपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में जनता दल यूनाइटेड के नेता एवं पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, औरैया जनपद के पूर्व विधायक मदन गौतम, पूर्व सांसद भाल चंद्र यादव के पुत्र सुबोध यादव, बीएसपी से पूर्व विधान सभा प्रत्याशी इलियास अंसारी, पूर्व मंत्री शाकिर अली के पुत्र परवेज अली, हरदोई के बसपा नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तिलक चंद्र वर्मा, राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता लतेष बिधूड़ी, भाजपा नेता एवं वीरांगना अवंती बाई लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सीताराम राजपूत, कमलेश कुमार गौतम पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीतमल, समेत हजारों लोग सपा में शामिल हुए। अखिलेश ने कहा कि सपा और पीडीए परिवार लगातार बढ़ रहा है। इन सभी नेताओं और उनके समर्थकों के आने से समाजवादी आंदोलन को मजबूती मिलेगी। लोकसभा चुनाव संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण और सम्मान बढ़ाने का चुनाव है। यह संविधान मंथन का समय है एक तरफ संविधान बचाने वाले सपा और उसके सहयोगी लोग हैं तो दूसरी तरफ संविधान को खत्म करने वाली भाजपा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों का हक और अधिकार छीन रही है। विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में भाजपा सरकार ने पीडीए को कहां रखा है? किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। नौजवानों को नौकरी और रोजगार नहीं मिला। अखिलेश ने भाजपा हटाओ नौकरी पाओ का नारा देते हुए कहा कि भाजपा सत्ता से हटेगी तभी नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। भाजपा की 10 साल की सरकार में देश में एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है, भाजपा सरकार उसे नहीं मान रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार आएगी तो किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। भाजपा सरकार में अन्याय और भ्रष्टाचार चरम पर है इतना भ्रष्टाचार कभी नहीं हुआ जितना बीजेपी सरकार में हो रहा है। भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रू का कर्ज माफ कर दिया। उन्हें फिर कर्ज दिया गया। जिनका कर्ज माफ किया था उन्होंने इलेक्टोरल बांड खरीदा। इसका ब्यौरा अब एसबीआई सुप्रीम कोर्ट को नहीं दे रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई और आईटी का दुरुपयोग कर रही है। इन संस्थाओं को जानबूझकर लोगों को डराने के लिए भेजा जाता है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। प्रदेश की पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ गया है। पिछले सात सालों में पुलिस विभाग की तमाम शिकायतें आयी हैं। पुलिस रक्षा करने के बजाय भक्षक बन गई है। आम जनता और गरीब लोग न्याय के लिए किसके पास जाएं? कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। इस अवसर पर इन्द्रजीत सरोज, अरविन्द सिंह गोप, राजेन्द्र चौधरी, नरेश उत्तम पटेल, अम्बिका चौधरी, याशरशाह आदि नेता उपस्थित रहे।

# लोधश्वर महादेव में मनायी महाशिवरात्रि



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** लोधश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्री का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सभी शिव भक्तों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। बारात व झांकी निकाली गयी और मंदिर पर भण्डारे का आयोजन किया गया। लोधश्वर महादेव मंदिर समिति के अध्यक्ष दिवाकर सिंह टीम कल्याण पुर से सर्वेश व मंदिर समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को कराने में योगदान दिया। उन्होने बताया कि यह महापर्व पूरे साल हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में अतिथि आशुतोष टण्डन के भाई अमित टंडन , शंकर पुरवा प्रथम के पार्षद पंकज यादव, शंकर पुरवा द्वितीय के पार्षद शिवम उपाध्याय और भाजपा मण्डल अध्यक्ष कृष्ण प्रताप उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकानदार की मौत

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आशियाना क्षेत्र में शनिवार सुबह अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ उम्र का स्टेशनरी दुकानदार अचेत अवस्था में मिला। सुचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने अधेड़ को लोकबंधु अस्पताल भेजा जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि सेक्टर जी में 56 वर्षीय दीपक पाण्डेय पुत्र स्व कन्हैया लाल पांडे अपने मकान के निचले तल पर शनिवार को अचेत अवस्था में पड़े हुए मिले बहन भाई की हालत देख पुलिस को सूचना दी। मृतक अपने मकान में अकेले ही रहता है और घर में ही स्टेशनरी की दूकान चलाता था। मृतक की पत्नी अपनी पुत्री के साथ लम्बे समय से पति से अलग गैरजनपद में रहती है।


उत्तर प्रदेश सरकार



महायोगी गुरु गोरक्षनाथ की पावन नगरी में
₹482 करोड़ की 253 विकास परियोजनाओं का
लोकार्पण/शिलान्यास
ठोस कचरा प्रबंधन हेतु 34 वाहनों को हरी झंडी
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

रवि किशन शुक्ल, सांसद, गोरखपुर | कमलेश पासवान, सांसद, बांसगांव | साधना सिंह, अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोरखपुर | डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, महापौर, गोरखपुर
फतेह बहादुर सिंह, विधायक, कैम्पियरगंज | महेन्द्र पाल सिंह, विधायक, पिपराइच | विपिन सिंह, विधायक, गोरखपुर ग्रामीण | श्रीराम चौहान, विधायक, खजनी | राजेश त्रिपाठी, विधायक, चिल्लूपार
प्रदीप शुक्ल, विधायक, सहजनवा | इंजी. सरवन कुमार निषाद, विधायक, चौरी-चौरा | डॉ. विमलेश पासवान, विधायक, बांसगांव | डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, सदस्य, विधान परिषद | देवेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान परिषद | सी. पी. चंद, सदस्य, विधान परिषद

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : अपराह्न 4:00 बजे | स्थान : नगर निगम परिसर, गोरखपुर

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
♦ राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आई.सी.सी.सी) ♦ 200 टन प्रतिदिन क्षमता के स्मार्ट गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन ♦ 50 टन प्रतिदिन क्षमता के सी एंड डी कचरा प्रबंधन संयंत्र

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं
♦ डिजिटल लाइब्रेरी एवं नगर निगम टाउन हॉल का नवीनीकरण एवं मरम्मत कार्य ♦ जल-निकासी हेतु नाली/नाला ♦ त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत सड़क एवं नाली ♦ अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत बाढ़ पम्पिंग स्टेशन, अर्ली वार्निंग सिस्टम एवं नाला ♦ स्वच्छ पेयजल आपूर्ति परियोजनाएं ♦ ताल नदोर में कान्हा गौशाला ♦ एकला बंधा पर राप्ती रिवर फ्रंट एवं शहर के डिवाइडरों के ग्रीन बेल्ट का विकास ♦ समस्त 80 वार्डों में सड़क, नाली/नाला एवं अन्य कार्य ♦ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण ♦ सीवर व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण ♦ विभिन्न स्थानों पर पथ प्रकाश व्यवस्था के कार्य ♦ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।

**अरस्तु**

# मूलभूत सिद्धांत की पुष्टि

कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, या इंटरनेट से ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। मुकदमा चलाने के लिए ऐसा ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ।

बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को मिले अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की फिर पुष्टि की है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने इसी बुनियादी सिद्धांत के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को यूएपीए के तहत दर्ज मामले से बरी किया है। स्पष्टतः कोर्ट ने किसी नए सिद्धांत की स्थापना नहीं की है। ना ही उसने कानून की कोई नई व्याख्या की है। अतीत में सर्वोच्च न्यायालय दो टूक लहजे में ऐसी व्याख्याएं कर चुका है। लेकिन हाल के वर्षों में देश में जैसा माहौल रहा है, उसके बीच हाई कोर्ट का ताजा निर्णय मील के पत्थर की तरह महसूस होता है। कोर्ट ने कहा कि कम्युनिस्ट या माओवादी साहित्य लिखना, अथवा इंटरनेट पर मौजूद ऐसी सामग्रियों को डाउनलोड करना अपराध नहीं है। ऐसी गतिविधियों के कारण किसी पर अभियोग लगाया जाएगा, तो यह संविधान के अनुच्छेद 19 का उल्लंघन होगा। दो जजों की बेंच ने कहा कि मुकदमा चलाने के लिए इस बात का ठोस सूबत होना अनिवार्य है कि संबंधित व्यक्ति हिंसा या आतंकवाद की गतिविधि में सक्रिय रूप से शामिल हुआ। कोर्ट ने ध्यान दिलाया कि इंटरनेट पर नक्सली या कम्युनिस्ट नजरिए वाली सामग्रियों को ढूंढना एक आम चलन है। लोग चाहें तो ऐसी सामग्रियां स्कैन या डाउनलोड कर सकते हैं। इनमें ऐसे वीडियो भी शामिल हैं, जिन्हें हिंसक प्रकृति का माना जाएगा। चूंकि साईबाबा और पांच अन्य लोगों पर ऐसी ही गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यूएपीए लगा दिया गया था, इसलिए कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया। इस बीच ये पांचों लोग पांच साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके हैं। अब यह जाहिर है कि उन्हें ऐसे आरोप में जेल में रखा गया, तो असल में भारतीय संवैधानिक व्यवस्था के तहत जुर्म नहीं है। इस रूप में उनके लिए न्याय की प्रक्रिया ही दंड बन गई। दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसा अनगिनत अन्य व्यक्तियों के साथ भी हो रहा है। अगर न्यायपालिका आज भी जमानत को नियम और जेल को अपवाद मानने के सिद्धांत से प्रेरित रहती, तो शायद इस स्थिति से बचा जा सकता था।

> बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारतीय संविधान के तहत नागरिकों को मिले अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार की फिर पुष्टि की है। हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने इसी बुनियादी सिद्धांत के आधार पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा को यूएपीए के तहत दर्ज मामले से बरी किया है। स्पष्टः कोर्ट ने किसी नए सिद्धांत की स्थापना नहीं की है। ना ही उसने कानून की कोई नई व्याख्या की है। अतीत में सर्वोच्च न्यायालय दो टूक लहजे में ऐसी व्याख्याएं कर चुका है। लेकिन हाल के वर्षों में देश में जैसा माहौल रहा है, उसके बीच हाई कोर्ट का ताजा निर्णय मील के पत्थर की तरह महसूस होता है।

## आज का इतिहास

1624 - इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणआ की।
1801 - ग्रेट ब्रिटेन में पहली बार जनगणना की गई।
1876 - अमेरिकी अविष्कारक ग्राहम वेल ने टेलीफोन का अविष्कार किया और पहली बार टेलिफोन पर अपने मित्र वाटसन से बात की।
1872 - भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के नेता मौलाना उबैदुल्लाह सिंधी का जन्म हुआ। उन्होंनें रेशमी आंदोलन चलाया लेकिन यह विफल रहा।
1893 - आइवरी कोस्ट फ्रेंच सम्राज्य का हिस्सा बना।
1897 - नारी शिक्षा की प्रणेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध कवियित्री सावित्री बाई फुले का निधन।
1922 - महात्मा गांधी राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार हुए, छह वर्षो की क़ैद हुई परन्तु दो वर्ष बाद रिहा किए गए।
1945 - द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिकी युद्धक विमानों ने जापान की राजधानी टोकियो पर भीषण बमबारी की।
1945 - कांग्रेस के प्रमुख नेता माधवराव सिंधिया का जन्म।
1946 - ब्राजील में हुए रेल हादसे में 1855 लोगों की मौत।
1959 - तिब्बत की राजधानी ल्हासा में चीन की नीतियों के खिलाफ विद्रोह शुरू हुआ। हालांकि चीन एक दशक पहले अक्टूब 1950 से ही तिब्बत को अपने कब्जे में लेना शुरू कर चुका था।
1969 - मार्टिन लूथर किंग के हत्यारे जेम्स अर्ल रे को 99 साल की कैद की सजा सुनाई गयी।

# वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली

**हृदयनारायण दीक्षित**

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परम्परा में वायु को देवता कहा गया है।

संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है। वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परम्परा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं, तीव्र गति अनुभव में आती है लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं वायवा याहि दर्शतेमे सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है। (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरेक प्राणी का प्राण हैं लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है आत्मा देवानां। (10.10.168.4) बड़ी बात है देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राणलेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें वायु प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद (1.90.9) में स्तुति है नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रहमासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है, आप प्रत्यक्ष ब्रह्म है, मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें। यही मन्त्र यजुर्वेद (36.9) अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद् (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म सम्पूर्णता है। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हरेक रूप रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है, प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं आदित्य ह वै प्राणौ -जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है। वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन मरूद्गण कहते हैं। वे सम्पूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं- मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुन्दर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु है-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अन्तर्सम्बंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत् भी हैं। मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है हे मरूतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरूणि अतिरिक्त जिज्ञासु है। पूछतें हैं मरूद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरूतों का स्वभाव बताते हैं वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, वे गतिशील मरूद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरूद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरूतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं। (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है हे मरूतो आप दूरस्थ क्षेत्रो में न रुकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आयें। (5.53.8) ऋषि कहते हैं रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें। (वही 10) वे नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं। (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रुकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं हे मरूतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें। (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं, जीवनदाता भी हैं। वाुय से वर्षा है, वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रन्थ है। इसके 28वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं यह संसार वायु है, उसे सबका नियन्ता गाते है- वायुर्विश्वमिदं सर्व प्रभुवायुश्च कीर्तितः। वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परम्परा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनो का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है।



> 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चौकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस सम्बंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्युदर का आंकड़ा काफी चिन्ताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है।

# कांग्रेस के डूबते जहाज में मची है नेताओं की भगदड़

**योगेन्द्र योगी**




भाजपा के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के डूबते राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए।आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोड़ने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोड़कर कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाई कमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमल नाथ की वजह से कांग्रेस छोड़ने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोड़ना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बिरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है।

# तलवार की धार पर चल रही है चंपई सरकार



**चेतनादित्य आलोक**

झारखंड में झामुमो नेता चंपई सोरेन के नेतृत्व में जैसे-तैसे आइएनडीआइए की सरकार भले ही बन गई हो, किंतु सरकार के सिर से राजनीतिक संकट अभी टला नहीं है। दरअसल, कुर्सी जाने की स्थिति में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने की जोड़-तोड़ शुरू करने के बाद पार्टी के भीतर शुरू हुआ विरोध रह-रहकर अलग-अलग रूपों में सिर उठा रहा है। हेमंत सोरेन के विरुद्ध सुलगने वाली विद्रोह की यह पहली चिंगारी थी, जो पार्टी के भीतर का असंतोष का भाव, अनुशासनहीनता और बिखराव को रेखांकित करने वाली थी, जिसे हेमंत ने या तो अनदेखा कर दिया अथवा वे उसे समझ ही नहीं पाए। हालांकि वे एक गंभीर तथा चुनौतियों के प्रति जागरूक रहने वाले राजनेता हैं। इसलिए इस बात की संभावना अधिक लगती है कि उन्होंने विद्रोह की चिंगारी को अनदेखा कर दिया होगा, जिसका बिल्कुल साफ संदेश यह था कि पार्टी के नेताओं की सत्यनिष्ठा तभी तक कायम है, जब तक पार्टी पर शिबू सोरेन या उनके राजनीतिक वारिस हेमंत की पकड़ मजबूत है। तात्पर्य यह कि पार्टी पर सोरेन परिवार की पकड़ कमजोर होते ही झामुमो में खींचतान शुरू हो जाएगी, जैसा कि फिलहाल कांग्रेस पार्टी में राष्ट्रीय स्तर पर देखा जा सकता है। वैसे हेमंत सोरेन को भी इस बार मालूम हो ही गया कि पार्टी के भीतर नेतृत्व के कई दावेदार मौजूद हैं, जिन्होंने दबी जुबान से मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी ठोंकी भी थी।बता दें कि पार्टी के भीतर विरोध का पहला स्वर हेमंत सोरेन के घर से ही उठा था, जब उनकी भाभी सीता सोरेन ने साफ-साफ कह दिया था कि हेमंत पत्नी कल्पना की बजाए उन्हें आगे बढ़ाएं, लेकिन हेमंत को यह स्वीकार नहीं था। पार्टी सूत्रों के अनुसार इस मामले में हेमंत की स्पष्ट सोच थी कि भले ही किसी और को मुख्यमंत्री बनाना पड़े, किंतु अपने सगे भाई की विधवा को वे कतई नहीं बनने देंगे। वैसे सूत्र तो बताते हैं कि कुछ अन्य झामुमो विधायकों ने भी कल्पना सोरेन के नाम पर आपत्ति जाहिर की थी। चार से छह विधायक ईडी की पूछताछ से पूर्व हेमंत सोरेन द्वारा बुलाई गई आइएनडीआइए की आपात और अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक से भी नदारद थे। झारखंड की राजनीति को जानने-समझने वाले जानते हैं कि कभी सुप्रीमो रहे शिबू सोरेन की वाणी ही पार्टी का संविधान और उनका आदेश ही पार्टी का एजेंडा माना जाता था। तब पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में से किसी की ये हिम्मत नहीं होती थी कि वह पार्टी सुप्रीमो के सामने सिर उठाकर बात भी करे। तात्पर्य यह कि शिबू सोरेन का अपने परिवार और पार्टी दोनों पर ही पूर्ण नियंत्रण और दबदबा कायम रहता था। बहरहाल, हेमंत सोरेन ने पार्टी के भीतर सुलगने वाले विद्रोह की चिंगारी को तात्कालिक रूप से दबाने में कामयाबी तो हासिल कर ली, किंतु सच कहें तो यह कभी भी आग का रूप ले सकती है।इधर आइएनडीआइए गठबंधन के दूसरे प्रमुख घटक दल कांग्रेस के भीतर असंतोष, अनुशासनहीनता और बिखराव का नया दौर झारखंड में देखने को मिल रहा है। बता दें कि चंपई सोरेन की सरकार में हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार के बाद से ही मंत्री पद नहीं मिलने की वजह से नाराज चल रहे कांग्रेस के 12 असंतुष्ट विधायकों में से 09 विधायक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिलकर उनके समक्ष अपनी मांगें रखने के लिए 17 फरवरी से दिल्ली में डेरा डाले हुए थे। गौरतलब है कि कई दिन व्यतीत हो जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो ने मध्य प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता उमंग सिंघार को नाराज विधायकों से बातचीत कर उन्हें समझाने की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसके बेकार साबित होने के बाद अंततः पार्टी की ओर से केसी वेणुगोपाल को नाराज विधायकों से मुलाकात कर उन्हें समझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। खबरों के अनुसार 20 फरवरी को गांधी परिवार से निकटता रखने वाले केसी वेणुगोपाल ने दिल्ली में डेरा जमाए सभी 09 विधायकों से मिलकर वन-टू-वन बातचीत की, जिसके बाद नाराज विधायकों का रुख अब नरम बताया जा रहा है।

# नमाज या परेशानी! तब क्या बहुसंख्यक हिन्दू और अन्य भी देव प्रार्थना के लिए सड़कों पर कब्जा जमाएं ?

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आज ये प्रश्न बार-बार मतिष्क में कौंध रहा है कि यदि भारत की सड़कों पर नमाज अदा करते मुसलमानों की तरह देश का बहुसंख्यक हिन्दू समाज और अन्य मत-पंथ को माननेवाले भी सड़कों पर प्रार्थना के लिए उतर आएं, तब देश में क्या स्थिति बनेगी? क्योंकि भारत में विविध मत, पंथ और दर्शन इतने अधिक हैं कि यदि प्रति दिवस एक निश्चित समय देकर सभी को सड़कों पर उनके हिसाब से प्रार्थना का अवसर दिया जाएगा तो भी 24 घण्टे उन्हें अपनी ईश्वर आराधना के लिए कम पड़ेंगे। आप सोचिए, यदि इस तरह से देश में सभी को छूट मिलेगी तब क्या होगा? क्या कोई देश की इन सड़कों पर चल पाएगा? क्या कोई बीमार, जरूरतमंद जिसे अपने एक निश्चित समय पर कार्य निष्पादित करने हैं, वे सभी अपने कार्यों को पूरा कर पाएंगे? यदि इन प्रश्नों का उत्तर नहीं है, तब फिर क्यों और किस कानून के अंतर्गत इस्लामिक नमाजियों को सड़क पर प्रार्थना की छूट दी जानी चाहिए?

अव्वल तो दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में जुमे की नमाज के दौरान जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। किसी भी पुलिस कर्मी को नमाज पढ़ते समय किसी को भी लात मारकर अपमानित नहीं करना चाहिए । जो हुआ वह बहुत दुखद है। किसी भी सभ्य समाज में इसका कोई समर्थन नहीं करेगा, किंतु यह हुआ क्यों? बार-बार इस तरह की परिस्थितियां बनती ही क्यों हैं, क्या इस पर विचार नहीं होना चाहिए? वस्तुतः यह पहली बार नहीं है कि दिल्ली में सड़क पर सामूहिक नमाज पढ़ी जा रही थी। देश भर में कई स्थानों पर अक्सर इस तरह से नमाज पढ़कर भारत के आम नागरिकों को परेशान करने का प्रयास होता है। अस्पताल जानेवाला समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता। इस कारण से वक्त पर इलाज नहीं मिलने से कई लोगों की मौत भी हो जाती है। जिस सड़क पर नमाज अदा हो रही है, गलती से भी कोई यदि उस रास्ते पर आ जाए तो वह तय समय पर अपने ऑफिस नहीं पहुंच पाता है, जिसे मिलने के लिए समय दिया हुआ है, उससे तय समय पर नहीं मिल पाता और इस स्थिति में कई बार उसका बड़ा आर्थिक, सामाजिक नुकसान तो होता ही है। नौकरी तक गंवानी पड़ जाती है। बॉस, यही कहता है कि ऑफिस के लिए और पहले क्यों नहीं निकले? उसी रास्ते पर (जहां नमाज पढ़ी जा रही थी) क्यों गए? कोई दूसरा रास्ता चुनते!

बार-बार देखा यही जा रहा है कि अचानक से खेल के मैदानों, सार्वजनिक स्थलों पर चारों दिशाओं से भीड़ आने लगती है, खेलते हुए बच्चों और अन्य लोग जो वहां कुछ देर के विश्राम के लिए आए हैं। दौड़-भाग भरी जिंदगी में शांति पाने आए हैं। कोई अपने प्रेमी से एकान्त में बातचीत करने आया है। ऐसे सभी लोगों को इस अचानक से आई इस्लामिक भीड़ के कारण से तत्काल अपना खेल और स्थान छोड़ देना पड़ता है।

# एक साथ चुनाव, आम सहमति जरूरी

**अजीत द्विवेदी**

विपक्ष की लगभग सभी पार्टियों ने एक देश, एक चुनाव के आइडिया का विरोध किया है। भाजपा और केंद्र सरकार के प्रति नरम रुख दिखाने वाली मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने केंद्र की बनाई रामनाथ कोविंद कमेटी को अपनी राय भेजी है, जिसमें पार्टी ने कहा है कि वह पूरे देश में सारे चुनाव एक साथ कराने के विचार का विरोध करती है। इससे पहले सभी विरोधी पार्टियों ने ऐसी ही राय कोविंद कमेटी को दी है।

चुनाव आयोग ने इसका समर्थन किया है और साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया है। उसकी सहयोगी जनता दल यू ने कोविंद कमेटी से कहा है कि वह लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाने के विचार से सहमत है लेकिन चाहती है कि स्थानीय निकायों के चुनाव अलग हों। मुद्दों के आधार पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने वाली बीजू जनता दल ने भी इस विचार का समर्थन किया है।

कुल मिला कर इस मसले पर राजनीतिक दलों का वैसा ही विभाजन है, जैसा भारतीय राजनीति में दिख रहा है। भाजपा विरोधी पार्टियां इस विचार का विरोध कर रही हैं तो भाजपा और उसके साथ एनडीए में शामिल घटक दल इसका समर्थन कर रहे हैं। मुद्दों पर आधारित समर्थन देने वाली पार्टियां भी इस विचार से सहमत हैं। इस स्पष्ट विभाजन के बीच कहा जा रहा है कि रामनाथ कोविंद कमेटी अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है, जिसे जल्दी ही सरकार को सौंप दिया जाएगा। इस रिपोर्ट में कमेटी एक देश, एक चुनाव शीर्षक से एक अलग खंड संविधान में जोडने की सिफारिश करने वाली है।



उस खंड में एक साझा मतदाता सूची के आधार पर देश के सारे चुनाव एक साथ कराने के नियम और कानून होंगे। ध्यान रहे कोविंद कमेटी में विपक्ष का कोई सदस्य नहीं है। कमेटी बनाते समय लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को इसका सदस्य बनाया गया था लेकिन उन्होंने कमेटी और इस विचार का विरोध करते हुए इस्तीफा दे दिया था। सो, बिना किसी विपक्षी सदस्य के और तमाम विपक्षी पार्टियों के विरोध के बीच कमेटी ने अपनी सिफारिश तैयार की है, जो अगले हफ्ते सरकार को सौंपे जाने की खबर है। इस मामले में एक और दिलचस्प बात यह है कि रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश, एक चुनाव के आइडिया पर देश के लोगों की राय मांगी थी। कमेटी को सिर्फ 21 हजार लोगों ने अपनी राय भेजी। सोचें, 140 करोड़ की आबादी और करीब एक सौ करोड़ मतदाता वाले देश में सिर्फ 21 हजार लोगों ने कमेटी को अपनी राय भेजी, जिसमें से 81 फीसदी ने इस विचार का समर्थन किया। इसके बरक्स विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर देश के लोगों की राय मांगी थी तो करीब 50 लाख लोगों ने अपने सुझाव कमेटी को भेजे थे। एक तरफ 50 लाख सुझाव और दूसरी ओर 21 हजार सुझाव! सवाल है कि क्या इस आधार पर तैयार रिपोर्ट को देश के आम मतदाताओं की सामूहिक सोच का प्रतिनिधित्व माना जा सकता है? इतने बड़े मसले पर फैसला करने या कोई भी राय बनाने के लिए क्या सरकार को और ज्यादा प्रयास करने की जरुरत नहीं है? ध्यान रहे विपक्षी पार्टियां इस देश में ज्यादा मतदाताओं की राय का प्रतिनिधित्व करती हैं। अगर बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियों को सरकार के साथ मान लें, तब भी एक देश, एक चुनाव के विचार का विरोध करने वाली पार्टियां 50 फीसदी से ज्यादा वोट का प्रतिनिधित्व करती हैं। देश के बड़े राज्यों में इन पार्टियों की सरकार है। दक्षिण के पांच राज्यों में से चार में सरकार चला रही पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। दक्षिण में कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है, जबकि तमिलनाडु में डीएमके और केरल में लेफ्ट मोर्चे की सरकार है। कांग्रेस, डीएमके और लेफ्ट तीनों ने इस विचार का विरोध किया है। क्या दक्षिण के राज्यों के विरोध को पूरी तरह से दरकिनार करके सरकार पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने का फैसला कर लेगी?

इसी तरह पश्चिम बंगाल में सरकार चला रही तृणमूल कांग्रेस ने इसका विरोध किया है तो झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी इस विचार का विरोध किया है। दिल्ली और पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी ने एक देश, एक चुनाव के विचार पर आपत्ति जताई है। भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों के शासन वाले राज्यों की मुख्य विपक्षी पार्टियों ने इस विचार के विरोध में अपनी राय कोविंद कमेटी को भेजी है। कांग्रेस हो या डीएमके और तृणमूल कांग्रेस हो या आम आदमी पार्टी, राजद, जेएमएम या समाजवादी पार्टी हो सबने यह कहते हुए इस विचार का विरोध किया है कि यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

# घूंघट की ओंट से अपराधी चेहरा छिपाने की कोशिश

■महोली कोतवाली में शराब कारोबारी महिलाओं की नुमाइश
■आधा दर्जन गाँवों सहित कई वार्डों में छापेमारी



**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** महोली कोतवाली इलाके में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुआ और 120 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। शराब के गोरख धंधे के सहारे पैसा कमा रही महिलाओं की कोतवाली में नुमाइश लगी। घूंघट की ओंट से अपराधी चेहरा छिपाने की कोशिश कर रही महिलाओं ने पैसे के खातिर शराब के अवैध कारोबार को अपनाया। पुलिस और आबकारी विभाग ने महोली कोतवाली इलाके के कलवारी खुर्द, नरनी, भिरिया फार्म, महसुनियागंज, रूस्तम नगर के अलावा कस्बे के विभिन्न वार्डों में अचानक छापेमारी की। इस दौरान नरनी के नरेश, रामकुमारी, कलवारी की विद्यावती, फूलमती, रूस्तम नगर की गुड्डी, मुराऊ टोला के वीरेन्द्र, भिरिया फार्म की आरती, जय देवी, कमला देवी, महसुनियागंज की रेखा और सोनी सहित नरनी के बुद्धा को गिरफ्तार किया। इन सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ। कोतवाली लाये गये शराब कारोबारियों को जेल भेज दिया गया है। आबकारी निरीक्षक कुलदीप सिंह, कांस्टेबल परमवीर सिंह के अलावा महोली कोतवाली के दरोगा एजाज अहमद खान, शैलेन्द्र सिंह, रजनीश सिंह, आशुतोष मिश्रा, ज्योति विश्नोई व अन्य पुलिस बल शामिल रहा।

## जमीन कब्जेदारी के आरोपी निकले दरोगा और साथी

■खैराबाद थाने में साथियों सहित दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** खैराबाद थाने में दरोगा और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। दरोगा पर आरोप है कि उसने अपने संगियों संग मिलकर नजूल जमीन पर कब्जा कर रखा है। निकाय की टीम पुलिस बल के साथ कब्जा हटाने पहुंची तो यह लोग उन पर हमलावर हो गये। बहुमूल्य सरकारी जमीन पर कब्जा करके भूमि का स्वरूप बदल रहे थे। नगर पालिका परिषद खैराबाद के नजूल लिपिक शैलेन्द्र कुमार की तहरीर पर सलमी मियां, दरोगा और उसके साथियों पर केस दर्ज हुआ है। आरोप है कि सात मार्च को निकाय की टीम पट्टे समाप्त हो चुके नजूल भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिये मियां सराय मोहल्ले में गयी थी, जहां सलमी मियां, दरोगा और उसके कुछ साथी अचानक आ गये और पालिका टीम के साथ अभद्रता करते हुए उलझ गये। पुलिस संरक्षा के कारण टीम वापस आ सकी। नजूल लिपिक शैलेन्द्र कुमार की तहरीर पर खैराबाद पुलिस ने सलमी मियां, दरोगा और उसके साथियों के खिलाफ धारा 186, 332, 353, 504, 506 आईपीसी व 2/3 सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# घर में घुसा चोर, मोहल्ले वालों ने दबोचा

■पिटाई के बाद चोर को किया पुलिस के हवाले
■बरामद हुआ माल, साथियों की तलाश जारी

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शहर के मोहल्ला गोड़ियन टोला में बीती रात शातिर चोरों का एक गिरोह बंद पड़े घर में जा घुसा। ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए चोरों ने तांडव मचाया और नगदी जेवरात सहित सबकुछ बटोर लिया। इसी दौरान देर रात मांगलिक कार्यक्रम में गया गृहस्वामी पुत्र के साथ वापस लौट आया। घर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गये। शोर मचाया तो मोहल्लेवासी इकट्ठा हो गये। इसी दौरान तीन शातिर चोर मौके से भागने का प्रयास करने लगे। मोहल्ले वालों ने हिम्मत जुटा कर एक शातिर चोर को धर दबोचा और उसकी जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान उसके पास से चोरी का माल भी बरामद हुआ। मोहल्ले वालों ने पिटाई के बाद चोर को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बताते चलें कि शहर के मोहल्ला गोड़ियन टोला निवासी संतू गुप्ता के घर चोरों ने धावा बोल दिया। जिस वक्त यह वारदात हुई संतू परिवार के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम में गया था। चोरों ने बंद पड़े घर को निशाना बनाया और अन्दर रखा माल पार कर दिया। इसी दौरान रात तकरीबन 1 बजे गृहस्वामी संतू गुपत व उसका पुत्र वापस घर लौट आया। ताला टूटा देखा तो अनहोनी की आशंका हुई। मोहल्ले वासियों के साथ पिता-पुत्र घर के भीतर दाखिल हुए तो दो चोर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गये वहीं एक को मोहल्ले वासियों ने धर दबोचा। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम लाखन पुत्र रामस्वरूप निवासी बम्भनपुरवा थाना कोतवाली देहात बताया। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और चोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उसके पास से चोरी के 1750 रूपये बरामद किया। पूछताछ के दौरान चोर ने बताया कि उसके साथी जीत पुत्र बच्चू निवासी बम्भनपुरवा थाना कोतवाली देहात व राजेश निवासी गंज थाना मछरेहटा मौके से फरार हो गये हैं। पुलिस ने बताया कि लाखन शातिर चोर है उसके विरूद्ध शहर, मिश्रिख, सिधौली थानों में अभियोग पंजीकृत हैं।

## संक्षिप्त आवाज़

### पुलिस कर्मियों के हॉस्टल, बैरक, आवास के लिये दो करोड़ मंजूर

■आरक्षी बैरक व आवास निर्माण के लिये भूमि चिन्हित, शासन को भेजी रिपोर्ट
■अभी तक किराये पर कमरा लेकर रह रहे है दर्जनों पुलिस कर्मी



**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** कोतवाली में तैनात पुलिस जवानों के विवेचना कक्ष, हास्टल, बैरक, आवास व अन्य भवनों के निर्माण के लिए गृह विभाग ने करीब दो करोड़ रुपए स्वीकृत कर दिए। दशकों पूर्व कोतवाली में बने भवन काफी जर्जर हो गए थे, जिससे अब पुलिसकर्मियों को निजात मिलेगी। महमूदाबाद कोतवाली भवन व स्टाफ आवास आदि का निर्माण करीब पांच दशक पूर्व किया गया था। कोतवाली परिसर में बने आरक्षी, एसआई बैरक समेत अन्य भवन काफी जर्जर हो गए हैं। मजबूरन यहां तैनात करीब दो दर्जन से अधिक महिला व पुरुष आरक्षी नगर के विभिन्न मोहल्लों में किराए पर कमरा लेकर रह रहे हैं। कई बार जर्जर आरक्षी बैरक समेत अन्य भवनों के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया किंतु समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस बार गृह विभाग द्वारा विवेचना कक्ष, हॉस्टल, आरक्षी बैरक समेत अन्य आवश्यक आवास बनवाए जाने के लिए दो करोड़ रुपए जारी कर दिए गए हैं। आवास बनाए जाने के लिए पैसे जारी होने पर क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या, आरके वाजपेयी, आरजे वर्मा, राम कुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, सीपी तिवारी आदि ने बधाई दी है। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि आरक्षी बैरक समेत अन्य आवास बनाए जाने के लिए दो करोड़ रुपए की धनराशि गृह विभाग द्वारा अवमुक्त कर दी गई है। आवास बनाये जाने के लिए चिन्हित भूमि का निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करवा दिया जाएगा।

# सकरन में अग्निदेव की विनाश लीला, सात घर खाक

■नगदी जेवर सहित चार लाख की सम्पत्ति का हुआ नुकसान

**सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सकरन थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों से लगी आग में सात घर जलकर नष्ट हो गये। अग्निकांड में नकदी समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की कडी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। सकरन थाना क्षेत्र की सैदापुर ग्राम पंचायत के मजरा भरदहा पुरवा निवासी जगमोहन के घर में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया जिसमे सात घर जलकर राख हो गये। आग मे जगमोहन के पांच हजार की नकदी कपडा, राशन व जेवर, रामलाल की पांच हजारी की नकदी कपडा, बर्तन, राशन, बालक राम की साठ हजार की नकदी दो साइकिल, कपडा, बर्तन, अनाज विनोद, लक्ष्मन, सोनेलाल, दलगंजन के कपडा, बर्तन अनाज समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की कडी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस व राजस्व कर्मी पहुंच गये थे। इस अग्निकांड में चार लाख से ऊपर के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। क्षेत्रीय लेखपाल विकास कश्यप ने बताया कि नुकसान का आकलन कर लिया गया है। जल्द ही राजस्व विभाग से आर्थिक मदद दिलायी जायेगी।

# पान मसाला लेने के बहाने किशोरी संग छेड़छाड़

■शिकायत पर शोहदे ने पीड़िता के पिता को पीटा
■दर्ज हुआ केस, आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** पिसावां थाना इलाके में दुकान पर बैठी किशोरी से शोहदे ने पान मसाला लेने के बहाने छेड़छाड़ कर दी। मर्यादाओं को लांघते हुए शोहदे ने उसके साथ अश्लीलता की हदें पार करना शुरू कर दी। किशोरी ने शिकायत करने की धमकी दी तो शोहदा मौके से भाग गया। पिता के वापस घर लौटने पर पीड़िता ने पूरी दास्तां सुनाई। किशोरी का पिता आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचा तो शोहदे ने मारपीट शुरू कर दी। दो समुदायों से जुड़े मामले पर पुलिस हरकत में आयी और आरोपी के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि पिसावां थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी घर में ही किराना स्टोर की दुकान का संचालन करती है। जहां गांव का ही रहने वाला कल्लू उर्फ रसूल अहमद पुत्र मैकू पान मसाला लेने के लिये आया था। किशोरी को अकेला देखकर उसके साथ अमर्यादित आचरण करने लगा था। आरोप है कि कल्लू ने किशोरी का हाथ पकड़ कर खींच लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। किशोरी ने पिता के घर वापस लौटने पर उन्हें दास्तां सुनाई तो पीड़िता का पिता कल्लू की शिकायत करने उसके घर पहुंचा, जहां शोहदे ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 354, 504, 506, 352 व 7/8 पाक्सो एक्ट में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला को लगी गोली

■पुरानी रंजिश में विपक्षियों पर आरोप

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शहर सीमा से सटी काशीराम कालोनी में तड़के साढ़े चार बजे ई-रिक्शा पर बैठी महिला को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। आपाधापी के बीच परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया। महिला ने पुरानी रंजिश में कालोनी के ही रहने वाले दो युवकों पर फायरिंग का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। बताते चलें कि शहर के काशीराम कालोनी निवासी मंजू देवी सुबह 4:30 बजे ई-रिक्शा पर बैठी थी। इसी दौरान अचानक किसी ने उस पर फायर झोंक दी। फायरिंग से महिला के हाथ पर चोट आयी है। शोर की आवाज सुनकर पास-पड़ोसी भी इकट्ठा हो गयी और उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां से उसे ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया गया है। महिला ने पड़ोस मे रहने वाले दो युवकों पर फायरिंग का आरोप लगाया है। मामले में सीओ सिटी अमन सिंह का कहना है कि रामकोट क्षेत्र की काशीराम कालोनी में हुई वारदात प्रथम दृष्टया संदिग्ध लग रही है। प्रकरण की जांच पड़ताल की जा रही है। अभी तक कोई लिखित शिकयत प्राप्त नही हुई है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

## अज्ञात कारणों से लगी आग, लगभग 2 बीघा गन्ना जलकर खाक

**सिधौली देहात-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** क्षेत्र के मिश्रापुर गांव में शनिवार दोपहर एक गन्ने के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, ग्रामीणों ने जबतक आग पर काबू पाया तब तक लगभग 2 बीघा गन्ना जल गया। सूचना पाकर मौके पर दमकल विभाग की गाड़ी भी पहुंची लेकिन तब तक ग्रामीणों ने द्वारा आग पर नियंत्रण पाया जा चुका था। मिश्रापुर निवासी आदेश पुत्र गंगारामव का खेत है जिसमें गन्ना बोया हुआ है। अज्ञात कारणों से खेत मे आग लग गई जिससे गन्ना जलकर खाक हो गया।

## घर बुलाकर रिश्तेदार ने महिला से किया दुष्कर्म

■भाई के पहुँचने पर आरोपी घर में ताला डालकर हुआ फरार

**सिधौली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सिधौली कोतवाली इलाके में रहने वाली महिला ने अपने रिश्तेदार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी युवक ने बहाने से उसे घर बुलाया और फिर उसके साथ हैवानियत भरी वारदात को अंजाम दे डाला। इस दौरान जब महिला का भाई मौके पर पहुंचा तो शोहदा घर में ताला डालकर फरार हो गया। पीड़ित महिला ने स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। बताते चलें कि सिधौली कोतवाली इलाके के ग्राम अलादादपुर की रहने वाली एक महिला ने नजदीकी रिश्तेदार पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि तीन दिन पूर्व वह घर के बाहर गाय को रोटी खिला रही थी इसी दौरान उसके नजदीकी रिश्तेदार ने बहाने से उसे घर बुलाया और फिर उसके साथ जबरन बेजा हरकतें कर डाली। शोर सुन महिला का भाई मौके पर पहुचा तो शोहदा घर में ताला डालकर फरार हो गया। किसी तरह महिला घर से बाहर निकली और अपने पति को आपबीती सुनाई। परिजनों संग कोतवाली पहुंची महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। प्रकरण में सिधौली पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध लग रहा है। वारदात से जुड़े हर बिन्दुओं की बारीकी से तफ्तीश की जा रही है।

# गाँव में गंदगी, कहीं बद्तर न हो जाये लोगों की जिंदगी






■जिम्मेदारों की अनदेखी से कीचड़ का सामना कर रहे थानापट्टी गांव के वाशिंदे
■बोले निवासी: गाँव की साफ सफाई व्यवस्था चौपट होने से हो रही बेहद परेशानी

**कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** विकास क्षेत्र में जिम्मेदारों की अनदेखी से थानापट्टी गांव के वाशिंदे कीचड़ का सामना कर रहे है। गांव में गंदगी की भरमार से कहीं लोगों की जिंदगी बद्तर न हो जाये यह बात उन्हें बेहद सता रही है। ग्रामीणों का कहना है गलियों में नालियों की साफ सफाई व्यवस्था चौपट होने से उन सब को बहुत समस्या हो रही है। लेकिन समय से इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। मालूम हो सरकार ने तो शहरों की तरह गावों को साफ सुथरा रखने के लिए अनेक प्रकार से अभियान चलाने का काम किया। स्थानीय स्तर पर भी शासन प्रशासन के सख्त आदेश निर्देश होगे कि गांव में स्वच्छता व्यवस्था अव्वल हो ! फिर भी कई गांव ऐसे है जहां जमीन पर साफसफाई महज मोबाइल फोन में फोटो क्लिक करने तक ही सीमित है। यहां जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से इतर कार्य करने का काम कर रहे है। कुछ ऐसा ही माजरा कसमंडा ब्लाक के गांव थानापट्टी का है। यहां लोग गंदगी की भरमार से अत्यधिक परेशान है। ब्लाक स्तर पर मॉनिटरिंग करने वाले जिम्मेदारों की अनदेखी का आलम यह है कि यहां के अनेक परिवारों को भारी कीचड़ से सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण मोहम्मद जर्रार बताते है गांव में साफ सफाई व्यवस्था अच्छी होने को लेकर की जा रही बड़ी-बड़ी बातें सब झूठी है। नालियों में इस कदर पानी व गंदगी का जमाव है जैसे हम सभी की जिंदगी किसी नारकीय जीवन जीने से कम नहीं है। उनका कहना है अत्यधिक गंदगी होने से लोगों के बीच संक्रमण फैलने की आशंका बनी है। उनके बड़े भाई गफ्फार ने कई बार खुद अपने हाथों में फावड़ा लेकर साफसफाई की है। गांव के ही रहने वाले सद्दाब, नूर आलम, राजेंद्र कुमार भी स्वच्छता व्यवस्था चौपट होने से समस्याओं का सामना करने की बात कह रहे है।

## महिला स्वास्थ्य कर्मी लापता, प्रेमी पर दर्ज हुआ केस

■रेउसा के नगरौली सेमरा में तैनात है लापता युवती

**सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** रेउसा थाना इलाके के नगरौली सेमरा में तैनात महिला स्वास्थ्यकर्मी अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। मामले को लेकर गुमशुदा महिला कर्मी के पिता ने अपनी पुत्री के परिचित के विरुद्ध थाना रेउसा में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने सम्बंधित प्रकरण में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। जानकीपुरम लखनऊ निवासी सुरेश कुमार पुत्र रामसागर ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उनकी पुत्री रेउसा क्षेत्र के नगरौली सेमरा में बतौर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में कार्यरत है। चार मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा में मीटिंग समाप्त होने के बाद अपनी छोटी बहन के साथ लखनऊ घर आने के लिए बस पर सवार हुई और कुछ दूर चलने के बाद रास्ते में बस रुकने पर उतर गई फिर दुबारा बस में नहीं बैठी। कुछ दूर चलने के बाद उनकी छोटी पुत्री ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि दीदी कहीं गायब हो गई हैं। शिकायतकर्ता का आरोप है कि रेउसा निवासी शिवम शुक्ला पुत्र अज्ञात से उनकी पुत्री की जान पहचान थी और वह उनकी पुत्री से शादी करने का उन पर दबाव बना रहा था। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि मेरे मना करने पर उसी ने मेरी पुत्री को गायब कर दिया है। शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवम के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# दलित युवती की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत

■6 मार्च को संदिग्ध हालत में जिला अस्पताल ले गये थे परिजन

**इमलिया सुल्तानपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** थाना क्षेत्र में एक युवती का गाँव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात की जानकारी दोनो पक्षों को थी। दोनो पक्ष शादी करने पर रजा भी थे। पांच मार्च को अचानक युवती बीमार हो गयी। आरोप है कि लड़का पक्ष ने उसका गला दबा दिया था। जिससे गले में सूजन आ गयी थी। परिजनो के अनुसार छह मार्च को उसे इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। स्वास्थ लाभ न मिलने पर युवती को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसने दम तोड़ दिया। परिजनो ने शव घर पहुंचाने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर गाँव पहुंची थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के गाँव मढ़िया रतनपुर की एक युवती का प्रेम प्रसंग गाँव के ही एक युवक से चल रहा था।

दोनो शादी करने को भी राजी थे। बताते हैं कि युवती जल्द शादी करने का दबाव बना रही थी। युवती के पिता का कहना है कि लड़का पक्ष मोटर साइकिल मांग रहा था, जो श्रद्धा नहीं थी। इसी के चलते समय टल रहा था। युवती के पिता ने बताया कि पांच मार्च को गाँव में एक लड़की का तिलक जाना था। हम पूरे परिवार से वहां पर थे। मैं तिलक के साथ चला गया। घर खाली होने की दशा में मेरी पत्नी ने पुत्री को घर भेज दिया। लेकिन वह घर नहीं पहुंची। जब पत्नी घर गयी तो पुत्री कराहते हुये घर पहुंची और लेट गयी। मैं जब तिलक से वापस आया तो पत्नी ने जानकारी दी कि पुत्री कुछ घूंट नहीं पाती है। दूसरे दिन सुबह पैसे की ब्यवस्था कर उसे जिला अस्पताल ले गया। जहां इलाज में कोई फायदा न देखकर मिश्रिख रोड स्थित जनता हॉस्पिटल ले गये। जहां कुछ सुधार आने पर पुत्री ने मारने की आप बीती बताई। शनिवार की सुबह उसकी मौत हो गयी है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर ने बताया कि सूचना पाकर मैं दल बल के साथ गया था। मृतका का पिता मारने का आरोप लगा रहा है। शव पोस्ट मार्टम के लिये भेज दिया है। जांच चल रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## गणना के दौरान प्रशिक्षु लापता, दर्ज हुई गुमशुदगी

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** शहर के सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र में प्लाटून कमाण्डर का प्रशिक्षण ले रहा सब इंस्पेक्टर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। एपीटीसी के जिम्मेदारों को इसकी भनक तब लगी जब दोपहर के बाद परेड की गणना के दौरान प्रशिक्षु प्लाटून कमाण्डर लापता मिला। विभागीय लिखा पढ़ी के साथ उप निरीक्षक की तलाश शुरू हुई। कोई सफलता हाथ न लगी तो शुक्रवार को एपीटीसी के जिम्मेदार कोतवाली पहुंचे और गुमशुदगी दर्ज कराई। बताते चलें कि कौशाम्बी जनपद में सिविल पुलिस में सेवायें दे रहे निरंजन कुमार पुत्र स्व. संजय पाल निवासी ग्राम बाल गांव थाना रफीगंज जिला औरंगाबाद राज्य बिहार ने उपनिरीक्षक की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। वर्तमान समय में वह शहर के सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र मे प्लाटून कमाण्डर की ट्रेनिंग कर रहा था। जहां से वह शुक्रवार को अचानक लापता हो गया। तलाश की गई तो कोई सफलता हाथ नही लगी।

# सूने पड़े मकान से चोरों ने नगदी सहित उड़ाया तीन लाख का माल



**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** अज्ञात चोरों ने शुक्रवार रात नगर के बीबीपुर वार्ड के बंद पड़े एक घर में बोलकर बंद पड़े घर से निशाना बनाकर चालीस हजार की नगदी समेत करीब तीन लाख का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह पड़ोस के लोगों पुलिस व परिजनों को दी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। महमूदाबाद नगर के बीबीपुर वार्ड निवासी मो. अकरम अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने रिश्तेदारी गए थे। रात के किसी पहर अज्ञात चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर एक सोने का हार, एक जोड़ी कान के बुंदे, एक जोड़ी नाक के बुंदे, सोने का छपका, चांदी की दो जोड़ी पायल, हथफूल व 40 हजार की नगदी चोरी कर ले गए। सुबह ताला टूटा पड़ा देख मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए। पीड़ित के रिश्तेदार मो. यामीन पुत्र मो. साजिद ने कोतवाली पहुंच घटना का प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, जांच कराई जा रही है।

# वर्ष 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र: राजेश वर्मा






■सांसद ने किया युवा संवाद इण्डिया सत्र का शुभारम्भ

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार और राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज परिसर में युवा संवाद इण्डिया 2047 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद राजेश वर्मा ने किया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि प्रधानमन्त्री का विजन है कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बने। यह जिम्मेदारी भारत के युवाओं की है। इस युवा संवाद के पंचप्रण में से विकसित भारत और एकता एवं एकजुटता विषय का चयन किया गया था जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग कर उक्त विषय पर अपने विचार रखें। सर्वश्रेष्ठ वक्ताओ में सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज की बीसीए तृतीय वर्ष की रूपसी श्रीवास्तव को प्रथम, श्री कृष्णा कालेज के अलख नाथ श्रीवास्तव को द्वितीय एवं सेक्रेड हार्ट डिग्री कालेज के प्रखर सहाय श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक की भूमिका में, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ से युवा अधिकारी राजेश तिवारी, आरएमपी कालेज से असिस्टेन्ट प्रोफेसर सुमित सिंह और पंकज सिंह गौर रहे। निर्णायक मण्डल द्वारा 3 प्रतिभागियों को चयनित किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. अमरेन्द्र कुमार ने भी युवाओं से नवाचार के माध्यम से विकसित राष्ट्र बनाने हेतु आहवान किया। प्रबन्धक डॉ फादर जॉनी अण्टोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा ही विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। उप प्राचार्य डॉ0 साजीमन फिलिप ने कहा कि विकसित राष्ट्र हेतु युवाओं को अपनी बात कहने का उत्कृष्ट रहा। उन्होने सभी निर्णायक मण्डल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संदीप कुमार मोहित, पंकज, ईशान, रीमा, गया ,दीपक शुक्ला, डॉ. मनोज धमेजा एवं डॉ. कुश कुमार का विशेष सहयोग रहा। अन्त में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं योग्यता प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया गया। नोडल अधिकारी डॉ0 शशि कला मिश्रा ने सभी आगन्तुकों, प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## सांसद राजेश वर्मा ने लाभार्थी बच्चों को बाँटे लैपटाप

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभार्थी बच्चों को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद राजेश वर्मा ने लैपटाप का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट फ़हीन जाहिद मौजूद रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल ने बच्चों व उनके अभिभावकों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के संबंध में जानकारी दी। उन्होने बताया कि यदि किसी बच्चे के माता-पिता या माता पिता में से किसी एक की मृत्यु कोविड-19 के संक्रमण के कारण हो गई है तो उस परिवार के समस्त बच्चों को बाल सेवा योजना के अंतर्गत रुपए 4000 प्रतिमाह की दर से प्रत्येक 6 माह पर धनराशि अभिभावक के बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है एवं यदि किसी बच्चे के माता-पिता या माता पिता में से किसी एक की मृत्यु 01 मार्च 2020 या उसके बाद किसी अन्य कारण से हुई है तो उस परिवार के अधिकतम दो बच्चों को बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत रुपए 2500 प्रतिमाह की दर से प्रत्येक 3 माह पर धनराशि बच्चे व अभिभावक के संयुक्त बैंक खाते में हस्तांतरित की जाती है। सांसद राजेश वर्मा ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 45 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए। साथ ही बच्चों व उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपने विद्यालय कृष्ण पाल सिंह पीजी कॉलेज तंबौर में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करवाने का आश्वासन दिया।

# ईडी और सीबीआई के सहारे भाजपा लड़ रही चुनाव: आनंद भदौरिया




■सपा प्रत्याशी बोले: सांसद के पास उपलब्धि गिनाने को कुछ भी नहीं
■चुनाव कार्यालय में उमड़ी भीड़, कांगेसियों का साथ मिलने से सपाई गदगद

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** देश हित में किसानों, नौजवानों और बेरोजगारों की लड़ाई के लिए भाजपा को हराना जरूरी है। इसी दूरगामी लक्ष्य को दृष्टिगत रखते हुए समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, भीम आर्मी व अन्य दलों के नेताओं से सार्थक वार्ता की और एक साथ मिलकर लड़ने का निर्णय लिया है। हमें यकीन है कि हम लड़ेंगे और जीतेंगे। यह बात धौरहरा से सपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया ने कही। कस्बे के पूर्व चेयरमैन टीटू गुप्ता के आवास पर सुंदरकांड के संगीतमयी पाठ के बाद चुनाव कार्यालय का शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, पीसीसी सदस्य रामाश्रय अवस्थी, चेयरमैन केतुका व कांग्रेस नेता सुधीर पांडेय ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आनंद भदौरिया ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में धौरहरा का विकास कितना हुआ है यह किसी से छिपा नहीं है। वर्तमान सांसद के पास दो कार्यकाल की ऐसी कोई उपलब्धि नहीं है जिसको लेकर वह जनता जनार्दन को गिना सकें और विकास के नाम पर वोट मांग सकें। केंद्र की जुमलों वाली सरकार की कथनी व करनी में अंतर है। सीबीआई, ईडी व इनमक टैक्स के सहारे भाजपा के नेता 2024 में सत्ता में पहुंचने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य रामाश्रय अवस्थी ने चुनावी कार्यालय पर उमड़ी भीड़ को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया को चुनाव लड़ाएंगे और दस वर्ष का इतिहास बदलकर ही दम लेंगे। सपा जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव ने कहा कि सपा सरकार ने अपने कार्यकाल में महोली को पुल, कन्या विद्यालय, कई विद्युत उपकेंद्र, 13 टेउढ का आईटीआई भवन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आदर्श तहसील जैसी तमाम सौगातें जनता को समर्पित की थीं लेकिन गुजरे दस वर्षों में भाजपा के पास गिनाने के लिए कुछ भी नहीं है। भाजपा के नेता सपा के विकास कार्यों पर पत्थर बदलाकर फर्जी वाहवाही लूटने का काम कर रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्षा केतुका ने कहा कि सपा ने ही मुझ जैसी दलित महिला को पहचान देकर पूरे समाज का मान बढ़ाया है। उन्होंने अपने समाज से अपील की है कि धौरहरा की बागडोर युवा आनंद भदौरिया के हाथों में सौंपने का कार्य करें। उद्घाटन के अवसर पर महेश गुप्ता मिंटू, सपा विधानसभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, मोनू दीक्षित, सतीश अग्निहोत्री, कपिल मिश्र, ओमकार नाथ मिश्र, दिनेश मिश्र, अविनाश मिश्र गुड्डू, प्रेम चंद्र मिश्र, कैलाश सिंह, जिला पंचायत सदस्य अशोक राजवंशी, पवन कनौजिया, गुरू प्रसाद, टोनू पाण्डेय, रजनीकांत, भोला पाण्डेय, कैलाश सिंह, समेत सैकड़ों की संख्या में सपा, कांग्रेस व भीम आर्मी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दल के साथ मिले दिल

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** राजनीति में कोई किसी का अस्थाई दोस्त व दुश्मन नहीं होता है। यह कहावत शनिवार को सपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय के मौके पर मौजूद कांग्रेस व भीम आर्मी के बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने साबित कर दी। राष्ट्रीय स्तर पर हुए दलों के गठबंधन होने के बाद इन दलों के नेताओं का समर्पण यह बताने को काफी है कि दल के साथ यहां दिल भी मिल गए हैं।

## हरगाँव में भी सपा प्रत्याशी का खुला चुनाव कार्यालय

**हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** धौरहरा लोकसभा क्षेत्र से इन्डिया गठबंधन के प्रत्याशी आनंद भदौरिया के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन सुन्दर कांड का पाठ होने के बाद आज मेला मैदान तीर्थ मार्ग पर हुआ। इस अवसर पर लहरपुर विधायक अनिल वर्मा, पूर्व मन्त्री रामहेत भारती, सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव, काग्रेस नेत्री ममता वर्मा, विनीता राजवंशी, फुरकान खान, सजीत गुप्ता, लाल सिंह यादव, राजेश सिंह, राम प्रकाश यादव समेत इन्डिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बांस बांधकर अवरुद्ध की महिला की राह, बंजर पर भी कब्जा!

■नींव भराने के बाद मकान नहीं बनवा पा रही महिला, सुनवाई शून्य
■दबंग ने कूड़े के ढ़ेर और टीनशेड डालकर किया बंजर पर कब्जा
■लेखपाल पर मिली भगत का आरोप, भुड़िया गांव का मामला

**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** बेपरवाही के चलते तहसील प्रशासन अपनी जमीनें बचा नहीं पा रहा है। राजस्व कर्मियो की मिलीभगत से दबंग तालाब, बंजर, श्मशान, खेल के मैदान आदि सुरक्षित श्रेणी की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि शिकायत के बावजूद जिम्मेदार कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। मामला महोली तहसील क्षेत्र के भुड़िया गांव का है। भुड़िया गांव की तारा देवी पत्नी राजबहादुर ने बताया कि वह गाटा संख्या 357 की संक्रमणीय भूमिधर है। उसके खेत के पश्चिम-उत्तर दिशा में आबादी है और आबादी के बाद सड़क है। वह इसी सड़क से अपने खेत तक आबादी से होकर जाती है।

इसी सड़क और आबादी के बीच जमीन पर गांव के रामू, रवींद्र व मितान पुत्रगण ध्यानपाल ने कूड़े के ढेर आज लगाकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़िता की राह अवरुद्ध करने के लिए उन्होंने सड़क पर हैरो रखकर बांस भी बांध दिया है। जिससे उसके खेत तक जाने का रास्ता बंद हो गया है। पड़ोस में ही उसका प्लाट है। जिसकी नींव पहले से भरी हुई है। दीवारों के निर्माण के लिए ईंट आ चुकी है लेकिन राह बाधित होने के चलते निर्माण शुरू नहीं हो पा रहा है। सड़क के पश्चिम गाटा संख्या 370 है जो राजस्व अभिलेखों में बंजर के नाम से दर्ज है। इस जमीन पर जिस पर तीनों लोग ने अपना कब्जा कर रहा है उसी में मकान बनाकर निवास भी कर रहे हैं। शिकायत करने पर ऐलानियां धमकी देते हैं कि बंजर की जमीन से हमारा कब्जा कोई खाली नहीं कर पाएगा। उसने कई बार तहसील में प्रार्थना-पत्र दिया लेकिन लेखपाल की हीला-हवाली के चलते जिम्मेदार सुन नहीं रहे हैं।

> प्रार्थना-पत्र के आधार पर लेखपाल को मौके पर भेज कर स्थलीय जांच कराई जाएगी। आरोप सिद्ध होने पर कब्जदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी और जमीन खाली कराई जाएगी।
>
> **अभिनव यादव, एसडीएम महोली 5**

## सूचना

मेरी एक बीमा पॉलिसी 214345230 अनिल कुमार पुत्र पच्चा के नाम से है। जबकि मेरे सभी दस्तावेज मेरे वास्तविक नाम सुनील पुत्र पच्चा के नाम से हैं। अनिल पुत्र पच्चा व सुनील पुत्र पच्चा दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे सुनील पुत्र पच्चा, निवासी ग्राम ललवा, पो0 सरौरा कला, तहसील सिधौली, सीतापुर के नाम से जाना व पहचाना जाये।

# भारत ने बैजबॉल का बैंड बजाते हुए सीरीज 4-1 से जीती

- मैन ऑफ द मैच रहे कुलदीप यादव
- भारत ने इंग्लैंड को पांचवें टेस्ट में एक पारी और 64 रन से हराया




**धर्मशाला।** भारतीय टीम ने शनिवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में इंग्लैंड को एक पारी और 64 रन से मात दी। आखिरी टेस्ट मैच में भारत ने इंग्लैंड को पारी और 64 रन से मात दी। धर्मशाला में खेले गए पांचवें टेस्ट मैच में इंग्लैंड दूसरी पारी में 194 रन बनाकर सिमट गई। जो रूट ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। अश्विन ने पांच विकेट लिए। कुलदीप और बुमराह को 2-2 विकेट मिले। तीसरे दिन भारत ने 473/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इसमें भारत ने मात्र चार रन जोड़े और भारत की पारी समाप्त हो गई। शोएब बशीर ने पांच विकेट लिए तो जेम्स एंडरसन और टॉम हार्टली को 2-2 विकेट मिले। भारत ने 259 रनों की बढ़त हासिल की थी। इसके जवाब में इंग्लैंड की दूसरी की शुरुआत बेहद खराब रही। 103 के स्कोर पर उसके टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज पवेलियन लौट गए थे। जैक क्रॉली (0), बेन डकेट (2), ओली पोप (19), जॉनी बेयरस्टो (39) और कप्तान बेन स्टोक (2) जल्दी पवेलियन लौट गए थे। हालांकि, जो रूट ने एक छोर संभाले रखा। संभल कर खेल रहे जो रूट ने अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, दूसरे छोर से अभी भी विकटों के गिरने का सिलसिला जारी रहा। बेन फॉक्स (8), टॉम हार्टली (20), मार्क वुड (0), बशीर (13) भी सस्ते में आउट हो गए। भारत की तरफ से आर अश्विन ने 5 विकेट लिए, जबकि कुलदीप और बुमराह को 2-2 विकेट मिले।

# युवा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण पक्ष : धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने युवाओं से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी अपनाने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि कॉर्पोरेट और उद्योग घरानों को आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना से काम करना चाहिए। श्री धनखड़ ने यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में अरुण जेटली बहुउद्देशीय स्टेडियम के नामकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश में पारदर्शी और जवाबदेह शासन की दिशा में परिवर्तनकारी बदलाव हो रहा है। इससे भारत उत्साहित है और आने वाले कुछ वर्षों में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। उन्होंने विधायिकाओं में राष्ट्र-विरोधी बयानों पर गहरी चिंता व्यक्त की और सभी से इसे निष्प्रभावी करने के लिए सामूहिक प्रयास करने को कहा ।आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि इससे देश की विदेशी मुद्रा पर रोजमर्रा की वस्तुओं के सस्ते आयात के हानिकारक प्रभाव, युवाओं के लिए नौकरी के अवसर खोने और उनके उद्यमशीलता विकास में बाधा होती है। उन्होंने कॉरपोरेट्स, उद्योग, व्यापार और वाणिज्य संघों से युवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना से काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में, भ्रष्टाचार रोजगार या अवसरों की नहीं, बल्कि एक अलग मंजिल की ओर ले जाता है। देश में विशेषाधिकार प्राप्त समूह को ध्वस्त कर दिया गया है और एक ऐसे परिवेश को बढ़ावा दिया गया है जहां सभी समान हैं और इससे युवाओं को एक बड़ा नैतिक बढ़ावा मिला है।

# मोदी ने काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा की



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दौरे के दौरान काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित थे। श्री मोदी के पहुंचने पर एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री ने उनका स्वागत किया। हवाई अड्डे से प्रधानमंत्री ने एक रोड शो निकाला, इस दौरान निवासियों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। रोड शो शहर के विभिन्न इलाकों से होकर गुजरा और फिर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचा, जहां श्री मोदी ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा की।

# डबल इंजन सरकार का मंत्र है विरासत और विकास : मोदी



- कांग्रेस शिलान्यास करके भाग जाती है, हम जो कहते हैं, वो करते हैं
- असम में 17,500 करोड़ के प्रोजेक्ट का किया इनॉगरेशन

**जोरहाट।** अरुणचाल प्रदेश के दौरे के बाद मोदी फिर असम पहुंचे हैं। जोरहाट में उन्होंने साढ़े 17 हजार करोड़ के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही लाचित बोरफुकन की 125 फीट ऊंची प्रतिमा का भी उद्घाटन किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विरासत भी और विकास भी, हमारी डबल इंजन सरकार का मंत्र रहा है। आज मुझे असम के लोगों के लिए साढ़े 17 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने का सौभाग्य मिला है। इनमें स्वास्थ्य, आवास और पेट्रोलियम से जुड़े प्रोजेक्ट्स हैं। इनसे असम में विकास की गति और भी तेज होगी। विरासत के संरक्षण के साथ ही असम की डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए भी उतनी ही तेजी से काम कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य और ऊर्जा के क्षेत्र में असम ने अभूतपूर्व तेज गति दिखाई है। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर का विकास आवश्यक है। कांग्रेस ने परियोजनाओं का शिलान्यास किया, तस्वीरें खिंचवाईं, लोगों को गुमराह किया और भाग गईं। लेकिन मोदी पूरे पूर्वोत्तर को अपना परिवार मानता है। दिन रात उनकी सेवा ही मेरा धर्म है। मोदी ने कहा कि आज असम के मेरे साढ़े 5 लाख परिवारों का अपनें पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। आप सोचिए, एक राज्य में साढ़े 5 लाख अपनी पसंद के, अपनी मालिकी के पक्के घर में जा रहे हैं।

मुझे खुशी है कि पीएम आवास योजना के तहत दिए गए ज्यादातर घर महिलाओं के नाम रजिस्टर्ड किए गए हैं। अब घर की मालकिन मेरी माताएं-बहनें बनी हैं। मोदी को गाली देने वाली कांग्रेस और उसके दोस्तों ने आजकल कहना शुरू किया है कि मोदी का परिवार नहीं है। उनकी गाली के जवाब में पूरा देश खड़ा हो गया है, पूरा देश कह रहा है - मैं हूं मोदी का परिवार। देश का ये प्यार मोदी को इसलिए मिलता है क्योंकि मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को सिर्फ अपना परिवार ही नहीं माना, बल्कि उनकी दिनरात सेवा भी कर रहा है। भाजपा सरकार देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने के अभियान पर भी काम कर रही है। इस अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को और सशक्त किया जा रहा है, उन्हें नए अवसर उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। इस अभियान का लाभ असम की भी लाखों महिलाओं को मिल चुका है। 2014 के बाद असम में कई ऐतिहासिक परिवर्तनों की नींव रखी गई। असम में भूमिहीन 2.50 लाख मूल निवासियों को जमीन के अधिकार दिए गए। आजादी के बाद 7 दशकों तक चाय बागान में काम करने वाले मजदूरों को बैंकिंग सिस्टम से नहीं जोड़ा गया था। हमारी सरकार ने ऐसे करीब 8 लाख वर्कर्स को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ना शुरू किया।

जिसका मतलब है कि उन वर्कर्स को सरकारी योजनाओं की मदद भी पहुंचने लगी है।

# पूर्वोत्तर के विभिन्न हिस्सों में बढ़ रही है अस्थिरता और अशांति : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के दौरे की पृष्ठभूमि में शनिवार को पूर्वोत्तर की स्थिति को लेकर उनसे कुछ सवाल किए और यह दावा किया कि पूर्वोत्तर के विभिन्न हिस्सों में अस्थिरता और अशांति बढ़ रही है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री को हिंसा प्रभावित मणिपुर जाने का समय क्यों नहीं मिला? प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार सुबह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में हाथी और जीप सफारी की। जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें खुशी है कि प्रधानमंत्री ने अपनी विभिन्न यात्राओं के बीच आज सुबह काजीरंगा के लिए समय निकाला, जो एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय उद्यान है, जो जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी दोनों द्वारा दिखाई गई गहरी रुचि के कारण है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि पूर्वोत्तर के विभिन्न हिस्सों में अस्थिरता और अशांति बढ़ती जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री के पूर्वोत्तर के दौरे के संदर्भ में कहा कि 19 जून, 2020 को चीन पर सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि एक भी चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में नहीं घुसा है। चीन को सार्वजनिक रूप से 'क्लीन चिट' देकर प्रधानमंत्री ने अपने हाथ बांध लिए हैं और चीनी आक्रामकता के बाद यथास्थिति बहाल करने के लिए कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। चीनी सैनिक भारतीय नागरिकों को चरागाह भूमि तक पहुंच से वंचित कर रहे हैं और भारतीय गश्ती दल को एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के उन रणनीतिक स्थानों तक पहुंच से वंचित कर रहे हैं - जहां पहले उनकी बेरोकटोक पहुंच थी।उन्होंने दावा किया कि पीएलए (पीपुल्स लिबरनेशन आर्मी) के सैनिकों द्वारा भारतीय धरती पर भारतीय नागरिकों का अपहरण करने के कई मामले सामने आए हैं। जयराम रमेश के अनुसार, 2022 में खुद अरुणाचल प्रदेश के एक बीजेपी सांसद (तापिर गाव) ने आरोप लगाया था कि पीएलए ने 19 वर्षीय मिराम तरोन का अपहरण कर लिया था और 10 दिनों तक उसे प्रताड़ित किया था। ईटानगर में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने टपोर पुलोम के परिवार से भी मुलाकात की, जो 2015 में पीएलए द्वारा कथित तौर पर अपहरण किए जाने के बाद से लापता हैं। उन्होंने सवाल किया कि मोदी जी, भूल गए क्या? क्या आप उस समय लोगों से झूठ बोल रहे थे? मणिपुर में लगभग एक साल से गृहयुद्ध जैसे हालात है। वहां भयंकर हिंसा में सैकड़ों लोग मारे गए हैं, लाखों लोग विस्थापित हुए हैं, समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष जारी है और प्रशासन ध्वस्त हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि मणिपुर में हिंसा की घटनाएं अब भी जारी हैं। सात मार्च को मोरेह में दो युवाओं की पिटाई की गई और आठ मार्च को भारतीय सेना के जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) कोंसम खेड़ा सिंह का थौबल जिले में उनके ही घर से आतंकवादियों ने अपहरण कर लिया। जयराम रमेश ने सवाल किया कि आम तौर पर देश भर में चुनाव प्रचार के लिए करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग करने वाले प्रधानमंत्री को अभी तक मणिपुर जाने या यहां तक कि राज्य के मुख्यमंत्री और राजनीतिक दलों से बात करने का समय क्यों नहीं मिला? क्या वह इस बात का इंतजार कर रहे हैं कि भारत के लोग उनके लिए इम्फाल का टिकट खरीदेंगे? जयराम रमेश के मुताबिक, ईस्टर्न नागालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) ने फ्रंटियर नगालैंड के निर्माण में देरी के विरोध में पूर्वी नगालैंड में सार्वजनिक आपातकाल घोषित कर दिया है।





विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

₹34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास







आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण
(लागत : ₹3,628 करोड़)

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का लोकार्पण
(लागत : ₹108 करोड़)

₹11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• एनएच-11 (पैकेज-2) के किमी 39.24 से किमी 86.59 तक मेरठ-नजीबाबाद खंड • एनएच-24 बी/एनएच-30 के रायबरेली-प्रयागराज खंड का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-24 को एनएच-87 से जोड़ने के लिए 4-लेन वेस्टर्न स्पर रामपुर-रुद्रपुर खंड बाईपास • एनएच-2 का चकेरी से प्रयागराज खंड का 6 लेन चौड़ीकरण • एनएच-709 एडी के पैकेज-1 के पानीपत से शामली तक का 4 लेन चौड़ीकरण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत
59 जनपदों में ₹3,700 करोड़ से 744 सड़कों (5,342 किमी) का लोकार्पण

₹8,200 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• फरिहा-आजमगढ़-सठियांव खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • इन्दारा-फेफना-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • रोजा-सीतापुर कैंट-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बनारस-झूसी खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बलिया-बकुल्हा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • भटनी-पिवकोल बाईपास लाइन • भांडई-इटावा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बरहन-एटा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • शिकोहाबाद-मैनपुरी एवं इटावा-मैनपुरी-फर्रुखाबाद खंड का विद्युतीकरण • बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खंड का आमान परिवर्तन • गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट से तारीघाट नई बड़ी लाइन • गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर जंक्शन के मध्य रेल सेवा

नमामि गंगे के अंतर्गत ₹1,114 करोड़ की 3 सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन
• प्रयागराज के झूसी में 16 एमएलडी, फाफामऊ में 14 एमएलडी एवं नैनी में 42 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का अवरोधन, मरम्मत एवं दिशा परिवर्तन कार्य
• जौनपुर में 30 एमएलडी के एसटीपी का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य • इटावा में 45 एमएलडी क्षमता प्लांट के सीवर परियोजना का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य

लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का लोकार्पण
(लागत : ₹131 करोड़, क्षेत्रफल : 47,827 वर्गमीटर, 13 मंजिला, 4 टावर)

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, मंत्री, भारत सरकार
केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | भूपेन्द्र सिंह चौधरी, सदस्य, विधान परिषद
सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ए.के. शर्मा, मंत्री, उत्तर प्रदेश | योगेन्द्र उपाध्याय, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ओम प्रकाश राजभर, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दारा सिंह चौहान, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', सांसद, आजमगढ़
यशवंत सिंह, सदस्य, विधान परिषद | विजय बहादुर पाठक, सदस्य, विधान परिषद | विक्रांत सिंह 'रिशु', सदस्य, विधान परिषद | ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदस्य, विधान परिषद | रामसूरत राजभर, सदस्य, विधान परिषद

विकास के एक्सप्रेसवे पर ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहर
• एयर, रेल एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क से विकास की तेज रफ्तार • पक्की ग्रामीण सड़कें बनीं किसानों की समृद्धि का आधार
• बीपीएल परिवारों को किफायती आवास से गरिमापूर्ण जीवन • आजमगढ़ मंडल में स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा से विकास में भागीदार बने युवा

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे | स्थान : मंदुरी एयरपोर्ट परिसर, आजमगढ़

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश